Seattle Office of Labor Standards

कर्मचारियों के लिए सामुदायिक अधिवक्ता और अपराध पीड़ितों के अधिकारों की सूचना

उत्पीड़न या हिंसक आचरण से होटल कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़े अध्यादेश, Seattle Municipal Code (SMC)14.26, के अनुसार होटल और सहायक होटल व्यवसाय के नियोक्ताओं को यह नोटिस उन कर्मचारियों को देना होगा जो होटल के मेहमानों द्वारा कथित तौर पर हिंसक या उत्पीड़न आचरण के शिकार हुए हैं।

अगर आपके साथ किसी होटल अतिथि ने कथित तौर पर हिंसक या उत्पीड़क आचरण किया है तो आपके पास निम्नलिखित का अधिकार हैं:

1) ***एक सामुदायिक अधिवक्ता.*** एक सामुदायिक अधिवक्ता आपको दिन के किसी भी समय और सप्ताह के सभी दिन मुफ्त गोपनीय वकालत सेवाएं प्रदान करता है। सामुदायिक अधिवक्ता निम्नलिखित सहायता सेवाएं प्रदान करेगा: क) SMC 14.26 के तहत आने वाले आपके अधिकारों और कार्रवाई विकल्पों की व्याख्या करना; ख) आपकी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए रेफरल सेवाएं प्रदान करना; और ग) अगर आप किसी होटल अतिथि द्वारा हिंसक या परेशान करने वाले आचरण की घटना की रिपोर्ट करना चाहते हैं तो इसमें आपकी सहायता करना। ऐसा नहीं है कि किसी अतिथि के परेशान करने वाले आचरण की घटना की रिपोर्ट करने के लिए आप इन्ही सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं बल्कि आप केवल अपने विकल्पों का आकलन करने के लिए भी इन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

   City of Seattle ने King County Sexual Assault Resource Center (KCSARC) के साथ अनुबंध किया है ताकि आपको ये संसाधन प्रदान किए जा सकें। पीड़ितों की हिमायत करने वाला संगठन है और पूरे समुदाय के लिए काम करता है और इसकी 24 घंटे की हॉटलाइन सेवा भी उपलब्ध है। गोपनीय सेवाएं प्राप्त करने के लिए आप KCSARC को इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं: 1-888-99-VOICE (1-888-998-6423)। KCSARC के बारे में और अधिक जानने के लिए कृपया https://www.kcsarc.org/ पर जाएं।

2) ***RCW7.69.030 के तहत एक अपराध पीड़ित के लिए नियुक्त अधिवक्ता और उनके अन्य अधिकार।*** Revised Code of Washington (RCW, वाशिंगटन की संशोधित संहिता) 7.69.030 के तहत, अपराध पीड़ितों को कई अधिकार प्रदान किए जाते हैं जो आपराधिक अदालत या किशोर अदालत की कार्यवाही पर लागू होते हैं। अगर आपके साथ हिंसक या यौन अपराध हुए हैं, तो आपको अभियोजन पक्ष या बचाव पक्ष के साक्षात्कारों के दौरान अपराध पीड़ित के लिए नियुक्त अधिवक्ता को अपने साथ रखने का अधिकार है। एक अपराध पीड़ित के लिए नियुक्त अधिवक्ता का काम आपको भावनात्मक समर्थन प्रदान करना है। RCW 7.69.030 के तहत, आपके पास बिना किसी अकारण देरी के तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करने और अदालत में पेश होने के कारण वेतन के नुकसान को कम करने के लिए आपकी जगह कोई, जरूरत होने पर, आपके नियोक्ता के साथ हस्तक्षेप भी कर सकता है। अपराधों के शिकार हुए लोगों को दिए गए अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए RCW 7.69.030 देखें।

   अपराध पीड़ितों के लिए समर्थन सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए, आप इनसे संपर्क कर सकते हैं: अपराध पीड़ितों के समर्थन सेवाओं के लिए 1-888-288-9221 पर या KCSARC के लिए1-888-998-6423 पर कॉल करें।

3) ***मारपीट के लिए King County का विशेष प्रोटोकॉल।*** यह प्रोटोकॉल King County में कुछ अपराधों से जुड़े मामलों में सहकारी जांच और सेवाओं के लिए दिशानिर्देश प्रदान करता है। RCW 26.44.180 और RCW 26.44.185 के अनुसार स्थापित यह प्रोटोकॉल जांच की प्रामाणिकता में सुधार करने, पीड़ितों, संदिग्धों और समुदायों के हितों की रक्षा करने और साथ ही यह सुनिश्चित करने के इरादे बनाया गया है कि भुक्तभोगियों और उनके परिवारों के लिए उपयुक्त सेवाएं उपलब्ध हों।

जिन नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पास इस फॉर्म से जुड़े कोई सवाल हैं वे Office of Labor Standards (OLS) को 206-256-5297 पर कॉल कर सकते हैं या OLS की वेबसाइट देखने के लिए http://www.seattle.gov/laborstandards/ordinances/hotel-employee-protections पर जा सकते हैं।

संस्करण: 07/2020